लखनऊ होगा देश का पहला एआई सिटी

लखनऊ, विशेष संवाददाता। उत्तर प्रदेश आर्टीफिशियल इंटलीजेंस नीति-2024 के मुताबिक एक डाटा मैनेजमेंट सेल बनेगा। यह भारतीय स्टार्टअप व रिसर्च में सहायक होगा। सरकार इसके अलावा डाटा एक्सचेंज प्लेटफार्म भी संचालित करेगी।

इस नीति के जरिए यूपी की योजना देश व राज्य का पहला एआई सिटी लखनऊ में विकसित करने की है। इसे नई तकनीक का हब बनाया जाएगा। यह एआई सिटी एआई अविष्कार कंपनियों को यहां अपने प्रोजेक्ट डवलपमेंट करने व शोध करने का मौका देगा। नोएडा व लखनऊ में एआई ट्रेनिंग सेंटर खोले जाएंगे। निःशुल्क एआई पाठ्यक्रम सीएम अभ्युदय पोर्टल पर उपलब्ध होंगे। निःशुल्क टैबलेट व स्मार्टफोन में यह उपलब्ध होंगे।

निवेशक कंपनियों को पूंजीगत निवेश पर 10 प्रतिशत की सब्सिडी (अधिकतम 50 करोड़ रुपये) दी जाएगी।